# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–01 फरवरी 2026 — सान्ध्य समाचार

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज लोकसभा में वित्त वर्ष–2026–27 का बजट पेश किया। यह उनका रिकॉर्ड नौवां बजट था। बजट 2026–27 विशेष रूप से क्षमता निर्माण और सुधारों पर ध्यान केन्द्रित करता है। वित्त मंत्री ने इसे युवा शक्ति संचालित बजट कहा। बजट में वित्त मंत्री ने छह सेक्टर में नई पहल का प्रस्ताव किया और साथ ही कहा कि एक दशक से जारी सुधार प्रयासों से लगभग 25 करोड़ लोग विभिन्न स्तरों पर गरीबी से ऊपर उठे हैं। वित्त मंत्री ने भारत को एक वैश्विक जैव–औषध विनिर्माण केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए अगले पांच वर्ष में दस हजार करोड़ रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव किया। इससे जैविक घरेलू उत्पादन के लिए परिवेश तैयार होगा।

आज पेश किए गये बजट में आयकर में कोई बदलाव नहीं किया गया है। बजट में संशोधित रिटर्न या विलंबित रिटर्न दाखिल करने का समय बढ़ाने का प्रस्ताव है। संशोधित रिटर्न दाखिल करने का समय कर वर्ष के बाद 31 मार्च तक कर दिया गया है। सरकार ने लाभांश और म्यूचुअल फंड आय पर ब्याज कटौती को हटाने की घोषणा की है। बजट में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया गया है।

इसके अंतर्गत अधिक कुशल स्वास्थ्य कर्मियों को तैयार करने के लिए तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान स्थापित किए जाएंगे। कैंसर रोगियों के लिए 17 दवाओं पर मूल सीमा शुल्क से छूट दी गई है।

**********

केन्द्रीय बजट में महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए सेल्फ हेल्प एंटरप्रेन्योर–शी–मार्ट्स बनाने का प्रस्ताव किया गया है। शी–मार्ट्स से ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों को सीधा बाजार मिलेगा।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आज पेश किया गया बजट देश के हित में है और इससे देश के विकास को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस बजट में युवाओं के लिए कई प्रावधान किए गए हैं।

**भारत को दुनिया का डेटा सेंटर हब बनाने के लिए टैक्स में बड़ी छूट की घोषणा भी की गई है। मैं भारत के युवाओं को विशेष तौर पर इस बजट की बहुत–बहुत बधाई देता हूं।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लोकसभा में पेश केन्द्रीय बजट की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह बजट नये और विकसित भारत की संकल्पना का रोडमैप लेकर प्रस्तुत किया गया है।

**यह बजट समाज के प्रत्येक तबके को, युवा हो, महिलाएं हो, अन्नदाता किसान हो, उद्यमी हो इन सबको ध्यान में रखकर बनाया गया है। यह नये भारत का, विकसित भारत की तरफ अग्रसर हो रहे भारत का एक स्थिर लेकिन तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यस्था के रूप में प्रस्तुत करने वाला बजट है। मैं इस बजट के सभी प्रावधानों का ह्रदय से स्वागत करता हूँ। आदरणीय प्रधानमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ। केन्द्रीय वित्त मंत्री जी को इस बजट को प्रस्तुत करने के लिए, जो कर्तव्य भाव से प्रस्तुत किया गया है, मैं उन्हें ह्रदय से बधाई और धन्यवाद देता हूँ।**

**********

केन्द्रीय बजट में देश के लिए सात हाई स्पीड रेल कॉरिडोर बनाने का प्रस्ताव किया गया है। इनमें से दो कॉरिडोर, दिल्ली–वाराणसी और वाराणसी–सिलीगुड़ी कॉरिडोर उत्तर प्रदेश को जोड़ते हैं। हाई स्पीड रेल से लम्बी दूरी की यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा। इसके साथ ही बजट में वाराणसी में इनलैंड वॉटरवेज शिप रिपेयर ईको सिस्टम की स्थापना का प्रस्ताव दिया गया है। बजट में पर्यटन और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण को भी महत्व दिया गया है। इसके अंतर्गत सारनाथ और हस्तिनापुर को देश के पन्द्रह प्रमुख पुरातात्विक पर्यटन स्थलों में शामिल किया गया है।

**********

प्रयागराज माघ मेले के पांचवें प्रमुख स्नान पर्व 'माघी पूर्णिमा' पर आज ब्रह्ममुहूर्त से ही त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा रहा। शाम चार बजे तक दो करोड़ श्रद्धालु प्रयागराज में आस्था की डुबकी लगा चुके थे। प्रयागराज में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को लेकर प्रशासन की तरफ से व्यापक इंतजाम किये गये। माघ पूर्णिमा के अवसर पर प्रयागराज के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों में भी श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों में आस्था की डुबकी लगाई।

**********

आज महान समाज सुधारक और दार्शनिक संत रविदास की जयंती मनाई जा रही है। वाराणसी जिले के सीर गोवर्धनपुर स्थित संत रविदास मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में आयोजित संत रविदास जयंती समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सदगुरू रविदास जी की प्रेरणा हम सभी को लोक कल्याण के प्रति आग्रही बनाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार महापुरूषों के प्रति श्रद्धा रखती है और उनके आदर्शो के अनुरूप कार्य करती है।

प्रदेश के सभी जिलों में संत रविदास जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गयी। गोरखपुर में गुरूद्वारा जटाशंकर में आयोजित समारोह में रविदास समाज के प्रमुख लोगों को सम्मानित किया गया।

**********